प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
18.45 सोमवार दिनांक 26.05.2025

मुख्य समाचारः–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल दिल्ली में आयोजित समारोह में नारायणपुर जिले के पंडी राम मंडावी को पद्मश्री सम्मान से सम्मानित करेंगी।

- रायपुर में जल्द ही देश का प्रमुख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा सेंटर स्थापित होगा।

- आज राजभवन में स्काउट्स और गाइड्स का राज्यस्तरीय अलंकरण समारोह आयोजित किया गया।

- मौसम विभाग ने कल बस्तर, रायपुर और दुर्ग संभाग के कुछ जिलों में भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

पद्मश्री–सम्मान

कल दिल्ली में आयोजित होने जा रहे एक समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देशभर से चुनी गई विभूतियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करेंगी। इनमें नारायणपुर जिले के ग्राम गढ़बेंगाल के पंडी राम मंडावी भी शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रपति कल पद्मश्री सम्मान प्रदान करेंगी।

पारम्परिक कलाकार पंडीराम मंडावी को इससे पहले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दाऊ मंदरा जी सम्मान से नवाज़ा जा चुका है। श्री मंडावी परम्परिक वाद्य यन्त्र, हाथ से बजाई जाने वाली बांसुरी, डूसीर, सिंग की तोड़ी, कोटोड़का और उसूड़ को बनाने में पारंगत हैं। श्री मंडावी न केवल भारत में बल्कि रूस, फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे देशों में भी अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं।

## एआई डेटा सेंटर

रायपुर में जल्द ही देश का प्रमुख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा सेंटर स्थापित होगा। इस संबंध में आज टेक्नोलॉजी कंपनी ईएसडीएस सॉफ्टवेयर सौल्यूशन लिमिटेड ने छह सौ करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया की भावना को छत्तीसगढ़ में धरातल पर उतारने के लिए यह निवेश मील का पत्थर साबित होगा।

दिल्ली दौरे के दौरान ही करमवीर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष रायपुर में अत्याधुनिक ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस इकाई में तीन सौ करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ का नाम देश के सबसे बड़े ट्रांसफॉर्मर निर्माण केंद्रों में शामिल हो जाएगा।

## प्रधानमंत्री–कार्यकाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। आज ही के दिन वर्ष दो हजार चौदह में श्री मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह देश के आधुनिक राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था क्योंकि इसने भारत में गठबंधन की राजनीति के तीस वर्ष के युग को समाप्त कर दिया था और लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश दिया था।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

देशभर में उनतीस मई से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू होगा। बारह  जून तक चलने वाले इस अभियान का लक्ष्य देश के सात सौ जिलों के लगभग डेढ़ करोड़ किसानों तक पहुंचना है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से विकसित कृषि संकल्प अभियान में हिस्सा लेने की अपील की है।

होल्ड बाईट – शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री (35 सेकेंड)

छत्तीसगढ़ में यह अभियान सभी विकासखंडों में चलाया जाएगा, जिसका समन्वय आई.सी.ए.आर.–राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान–एन.आई.बी.एस.एम. द्वारा किया जाएगा।

स्काउट्स–गाइड्स–समारोह

आज राजभवन में स्काउट्स और गाइड्स का राज्यस्तरीय अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका ने सर्वश्रेष्ठ स्काउटर, गाइडर, रोवर, रेंजर, और स्काउट–गाइड को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या को देखते हुए प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। स्काउट्स और गाइड्स को इसमें अपना सक्रिय योगदान देना चाहिए।

श्री डेका ने छत्तीसगढ़ के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स द्वारा आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, पेड़ लगाने और उन्हें संरक्षित रखने, साइबर अपराध, जाति भेदभाव जैसे अन्य विषयों पर विभिन्न माध्यमों से समाज को जागरूक करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए स्काउटर, गाइडर, रोवर, रेंजर उपस्थित थे।

मतदान केन्द्र–मोबाइल

मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने और मतदान दिवस की व्यवस्थाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से, निर्वाचन आयोग ने दो और व्यापक निर्देश जारी किए हैं। इनमें मतदान केंद्रों के बाहर मोबाइल जमा सुविधा प्रदान करना और प्रचार नियमों का सरलीकरण शामिल है। मतदाताओं विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को मतदान दिवस पर मोबाइल फोन संभालने में होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मोबाइल जमा सुविधा की अनुमति देने का निर्णय लिया है।

भिलाई–पावर प्लांट

दुर्ग जिले के भिलाई स्थित एन.एस.पी.सी.एल. पावर प्लांट में चार हजार करोड़ रुपए की लागत से आठ सौ मेगावाट क्षमता वाला एक नया पावर प्लांट स्थापित किया जाएगा। यह संयंत्र एनटीपीसी और स्टील अथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड–सेल द्वारा संयुक्त रूप से लगाया जाएगा। एन.एस.पी.सी.एल. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिवाकर कौशिक ने बताया कि पहले पांच सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन होता था। आठ सौ मेगावाट क्षमता वाले नये पावर प्लांट के स्थापित होने से अब तेरह सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा सकेगा।

होल्ड बाईट – दिवाकर कौशिक, सीईओ (20 सेकेंड)

इस परियोजना से ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि के साथ ही स्थानीय विकास, रोजगार, आधारभूत संरचना और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को भी मजबूती मिलेगी। इस प्लांट के सुचारू संचालन के लिए कोयले की आपूर्ति कोरबा और ओडिशा से की जाएगी। वहीं, जल आपूर्ति के लिए बालोद जिले के मोहड़ जलाशय से पानी लिया जाएगा।

पर्यावरण दिवस अभियान

रायपुर रेल मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण के लिए जन–जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत रेलवे स्टेशन रायपुर में यात्रियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कल एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें प्लास्टिक उपयोग में कमी और कचरा प्रबंधन के महत्व को समझाते हुए स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसमें मुख्य स्टेशन प्रबंधक सहित मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों, सफ़ाई कर्मियों और वेंडरों ने हिस्सा लिया।

जागरूकता अभियान रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, भाटापारा सहित मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर चलाया जा रहा है।

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल..

दक्षिण पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। अगले तीन दिनों में दक्षिण पश्चिम मानसून के मध्य अरब सागर के कुछ और भाग, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के कुछ और भाग, पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उत्तर बंगाल की खाड़ी के कुछ और भाग, उत्तर पूर्व में स्थित राज्यों के बचे भाग और उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम में पहुंचने की संभावना है।

मौसम विभााग के अनुसार प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः बस्तर संभाग के जिले तथा दुर्ग और रायपुर संभाग के कुछ जिले संभावित हैं।

संक्षिप्त समाचार

- बीजापुर जिले के पामेड़ में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की शाखा खुल गई है। आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस शाखा का वर्चुअल तरीके से शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अब इस इलाके के ग्रामीणों को बैकिंग सेवाओं के लिए सौ किलोमीटर दूर आवापल्ली नहीं जाना पड़ेगा।

- राज्य के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने आज रायपुर से प्रदेश के अट्ठाईस जिलों के लिए नये वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों का उपयोग अधिकारियों द्वारा कार्यक्रमों और योजनाओं की निगरानी के लिए किया जाएगा।

- छत्तीसगढ़ ने पीएम आयुष्मान वय–वंदना कार्ड बनाने में देश में पांचवां स्थान हासिल किया है।. राज्य के तीन लाख साठ हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को इसके जरिए निःशुल्क इलाज मिल रहा है।

- प्रदेश में आज महिलाओं ने पारंपरिक श्रद्धा और आस्था के साथ वट सावित्री व्रत पूजन संपन्न किया। इस अवसर पर विवाहित महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा कर अपने पति की दीर्घायु, सुख–समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की।

- दुर्ग जिले में पचास पुलिस कर्मियों का तबादला किया गया है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने दो निरीक्षकों, तीन उपनिरीक्षकों और पांच प्रधान आरक्षकों सहित चालीस आरक्षकों का स्थानांतरण किया है।
- गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पेंड्रा स्थित लोहारी मोड़ पर आज एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से क्षेत्र के प्रधान पाठक की मौके पर ही मौत हो गई है।

- रायपुर की गंज पुलिस ने तेलघानी नाका के पास एक अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से करीब ग्यारह किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब एक लाख चौदह हजार रूपए आंकी गई है।

<><><><><><>